# राजधानी में बनेगी सबसे ऊंची सरकारी बिल्डिंग

- विभाग के सभी कार्यालय एक छत के नीचे आएंगे
- राजधानी के स्मार्ट सिटी एरिया में बनेगा कार्यालय

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 दिसंबर. स्कूल शिक्षा विभाग राजधानी में 22 मंजिला बिल्डिंग बनाने की तैयारी में है. ये बिल्डिंग न सिर्फ भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश की सबसे ऊंची सरकारी बिल्डिंग होगी. इसके लिये जगह का भी चयन कर लिया गया है.**

ये स्मार्ट सिटी एरिया में बनेगा, जहां विभाग की जमीन उपलब्ध है. इस बिल्डिंग में ही विभाग के सभी कार्यालय एक छत के नीचे आएंगे. इस संबंध में सोमवार को स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी साझा की. इस दौरान उन्होंने दो वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा भी दिया. उन्होंने कहा कि बिल्डिंग बनाने के लिये अनुमति मिलने पर काम शुरू करेंगे. मंत्री ने बताया कि नरसिंहपुर और राजगढ़ के संस्कृत विद्यालयों में नवाचार किया जाएगा, यहां गाय पर केंद्रित शोध होंगे, गाय से ऊर्जा मिलती है, अब तो ये भी साबित हो गया है, दुनियाभर के



देशों में अब गाय पालन का चलन लगातार बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि ये नवाचार देशभर में मॉडल बन सकता है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में 32 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है. प्रदेश में पहली बार अतिथि शिक्षक की व्यवस्था एक जुलाई को पूर्ण की गई. वर्तमान में 76 हजार 325 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं. सरकारी स्कूलों में 20 हजार से अधिक अतिशेष शिक्षकों का स्थानांतरण, शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में किया गया.

सरकारी स्कूलों में 20 हजार से अधिक अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में भेजा गया. मंत्री ने विभागीय उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि कक्षा एक में कुल नामांकन वर्ष 2025-26 में पिछले वर्ष की तुलना में 19.6 प्रतिशत एवं शासकीय विद्यालयों में 32.4 प्रतिशत अधिक रहा है. प्रदेश में बच्चों की पढ़ाई शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही हो, इसके लिये कक्षा 5 एवं 8 की बोर्ड पैटर्न परीक्षा के परिणाम मार्च माह में ही घोषित कर दिये गये.

### 18 जिलों में होंगे ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर

वहीं परिवहन विभाग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के 18 जिलों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं चालकों की गलती से होती है. उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा आम जनता को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाहनों के परमिट तथा ड्राइविंग लाइसेंस आदि सेवाओं को पोर्टल वाहन तथा सारथी के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है. प्रदेश में विभाग की समस्त सेवाओं को फेसलेस रूप में प्रदान करने वाला मप्र देश में प्रथम राज्य बन गया है.



# शहडोल प्रदेश में सबसे ठंडा

## 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क

**भोपाल,22 दिसंबर.मध्यप्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की दोहरी मार जारी है. ग्वालियर-चंबल अंचल समेत प्रदेश के कई जिलों में सुबह और रात के समय दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे सड़क और रेल यातायात पर साफ असर पड़ रहा है.**

उत्तरी और मध्य भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन और बढ़ गई है, वहीं कोहरे की चादर ने जनजीवन को धीमा कर दिया है. रविवार को प्रदेश के करीब आधे हिस्से में घना और मध्यम कोहरा छाया रहा. ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के साथ-साथ रीवा, सतना, छतरपुर और आसपास के जिलों में सुबह के समय दृश्यता काफी कम दर्ज की गई. इस बीच सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि शहडोल जिले का कल्याणपुर 3.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा. यह तापमान मसूरी, शिमला, श्रीनगर और मनाली जैसे कई प्रसिद्ध हिल स्टेशनों से भी कम दर्ज किया गया.

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. नरसिंहपुर जिले में शीतल दिन दर्ज किया गया, जबकि रीवा, सतना, छतरपुर और दतिया में तीव्र शीतल दिन की स्थिति रही. अधिकतम तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट रीवा संभाग में देखी गई, जहां तापमान सामान्य से 8.3 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा. ग्वालियर और सागर संभागों में तापमान सामान्य से 5.0 से 3.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया.

न्यूनतम तापमान की बात करें तो शहडोल संभाग में इसमें 3.7 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि अन्य संभागों में खास बदलाव नहीं हुआ. ग्वालियर, चंबल और शहडोल संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.1 से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा. मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय है, जबकि उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम भी उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर बनी हुई है. इसके चलते आने वाले दिनों में भी घना कोहरा, शीतल दिन और ठंड का असर कई जिलों में बना रहने की संभावना है. लोगों को सतर्क रहने और यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई है.

## एक नजर में

### ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी का खुलासा

**देवास.** डिजिटल ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का देवास पुलिस ने पर्दाफाश किया है. पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 दिसंबर को आनंद विहार कॉलोनी निवासी चेतन सिंह सोलंकी ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत की जांच के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से यूएस डॉलर की डिजिटल ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का झांसा देकर फरियादी से निवेश कराया और बाद में संपर्क तोड़ लिया.

### पार्षद से बात करो पतियों से नहीं : विधायक

**ग्वालियर.** भितरवार नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने अपने निवास पर नाराज चल रहे पार्षद पति कैलाश खटीक को विधायक मोहन सिंह राठौड़ से मिलवाया. मामला पार्षद पति के बगावती तेवरों का था.प्रशासन द्वारा पूछ परख न किए जाने पर पार्षद पति कैलाश खटीक ने विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल लिया था. खटीक ने विधायक राठौर के दो वर्षीय कार्यकाल पर सवाल खड़े किए थे. पार्षद पति ने आरोप लगाया था कि जब से मोहन सिंह राठौर विधायक बने हैं तब से पार्षदों की स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है.

# 32 वर्षीय महिला पटवारी की हुई मौत

**बच्चे का बैलून उतारते समय छत से फिसलीं**

**पड़ोसी के घर में गिरने से गई जान**



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 दिसंबर. कमला नगर थाना क्षेत्र में एक मकान की छत से गिरी महिला पटवारी की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई. महिला के साथ यह हादसा उस दौरान हुआ था, जब वह अपनी दो साल की बच्ची के लिए बैलून उतारने की कोशिश छत पर कर रही थी.**

इस बीच उनका पैर फिसल गया. छत से नीचे गिरकर वह घायल हो गई, उन्हें तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया था. जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को 32 वर्षीय मीनाक्षी पटेल के साथ दर्दनाक हादसा हुआ था. मीनाक्षी की बेटी जब छत पर खेल रही थी और उसका बैलून पड़ोसी के शेड पर गिर गया था. बैलून को उठाने के चक्कर में वह पड़ोसी के घर गिरकर घायल हो गई थी. हादसे के करीब 10 दिन बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. कमलानगर थाना पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है. मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

# धर्मांतरण पर रोक की मांग

- जनजाति क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों का आरोप

**धार, 22 दिसंबर. जिले की सरदारपुर तहसील क्षेत्र में जनजाति इलाकों में कथित अवैध धर्मांतरण कार्यक्रमों पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को समग्र हिंदू समाज के लोगों ने संतों के साथ रैली निकालकर एसडीओपी सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार को ज्ञापन सौंपा.**

रैली के माध्यम से समाजजनों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरदारपुर तहसील के जनजाति क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चालनीमाता, अमझर, सिरोदा, उटावा, आमलिया सहित आसपास के ग्राम-मजरों और संजय कॉलोनी राजगढ़ में ईसाई मिशनरियों द्वारा भोले-भाले जनजातीय लोगों को प्रलोभन देकर, बीमारियों और प्राकृतिक आपदाओं का भय दिखाकर धर्मांतरण कार्यक्रम किए जा रहे हैं. बताया गया कि यह गतिविधियां पेसा एक्ट लागू होने के बावजूद ग्राम समिति की अनुमति के बिना संचालित की जा रही हैं.

समाजजनों का आरोप है कि प्रकृति पूजक और सनातन धर्म में आस्था रखने वाले जनजातीय समाज को उनके परंपरागत देवताओं का अपमान करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है.

# रीवा-मुंबई के बीच चलेगी दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

## यात्रियों को मिलेगी सुविधा और राहत

### 1 और 8 जनवरी 2026 को रीवा से चलेगी यह स्पेशल ट्रेन

**भोपाल,22 दिसंबर. यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा रीवा और मुंबई (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) के बीच इटारसी होकर दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है.**

यह जानकारी मंडल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक 687/2025 में दी गई है. रेलवे के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन रीवा से गुरुवार 1 जनवरी 2026 और 8 जनवरी



2026 को चलेगी, जबकि वापसी में सीएसएमटी से शुक्रवार 2 जनवरी 2026 और 9 जनवरी 2026 को संचालित की जाएगी. इससे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी.

गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन गुरुवार को रीवा से शाम 15.50 बजे प्रस्थान करेगी और रात 23.20 बजे इटारसी पहुंचेगी. इसके बाद अगले दिन दोपहर 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई पहुंचेगी. वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को सीएसएमटी से दोपहर 13.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 01.15 बजे इटारसी पहुंचेगी और सुबह 09.45 बजे रीवा पहुंचेगी.

इस ट्रेन का ठहराव सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक, कल्याण और दादर स्टेशनों पर होगा. कोच संरचना की बात करें तो ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, एसी टू टियर, एसी थ्री टियर, शयनयान, सामान्य द्वितीय श्रेणी और गार्ड ब्रेक वैन शामिल हैं. यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट या एनटीईएस ऐप का उपयोग करें.

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों में जुटा भोपाल




विशेष संवाददाता

**भोपाल,22 दिसंबर. प्रदेश में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।**

राज्य स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को भोपाल के जहांगीराबाद स्थित ऐतिहासिक लाल परेड मैदान में आयोजित होगा, जबकि पारंपरिक बीटिंग द रिट्रीट समारोह 29 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों के सिलसिले में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंचल शेखर ने सोमवार को नवीन पुलिस मुख्यालय के भूतल स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस की गरिमा और महत्त्व को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियों को समय पर अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में गणतंत्र दिवस परेड के लिए विभिन्न इकाइयों से बल की तैनाती, परेड मैदान की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दर्शकों एवं आमंत्रित अतिथियों की बैठक व्यवस्था, झांकियों तथा चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित जिम्मेदारियाँ विभिन्न अधिकारियों को सौंपी गईं। बीटिंग द रिट्रीट समारोह में बजने वाली धुनों के चयन, आतिशबाजी और विद्युत व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए.



**जेपी नड्डा ने सीएम डॉ. यादव का इंदौर एयरपोर्ट पर किया स्वागत**

**भोपाल.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत. आज मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे.

### मुख्यमंत्री 23 दिसंबर को धार में करेंगे मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

**धार/ बैतूल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, 23 दिसंबर को धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे. इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी विशेष रूप से शामिल होंगे. वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को बैतूल मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 2:45 बजे न्यू बैतूल ग्राउंड हेलीपैड पहुंचेंगे।

# भाजपा बंद कर रही योजनाएं : उमंग सिंघार

## एसआईआर के नाम पर धांधली का लगाया आरोप



**धार, 22 दिसंबर. मध्यप्रदेश में धार जिला मुख्यालय पर आज सोमवार को जिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण समन्वयक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और मध्यप्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी उषा नायडू विशेष रूप से उपस्थित रहीं.**

बैठक की शुरुआत टंट्या मामा भील, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई. अतिथियों का स्वागत जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी एवं संगठन महामंत्री परितोष सिंह राठौर ने किया.

बैठक के दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया तथा सदन में जय हिन्द और वंदे मातरम जैसे राष्ट्रीय नारों पर प्रतिबंध लगाने की भाजपा की कथित मानसिकता की कड़ी आलोचना की गई. बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई.

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित धार दौरे और मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंघार ने कहा कि कांग्रेस मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन का स्वागत करती है, लेकिन सरकार यह स्पष्ट करे कि कॉलेज कब तक बनकर तैयार होगा और जनता को इसका वास्तविक लाभ कब मिलेगा.

### भाजपा नाम बदलने में व्यस्त : उमंग

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बैठक को संबोधित करते हुए ' SIR ' के नाम पर धांधली का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की आड़ में नाम काटने और जोड़ने का खेल चल रहा है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाला एक महीना कांग्रेस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस दौरान पूरी मजबूती व एकजुटता के साथ मैदान में उतरना होगा. मीडिया से चर्चा में उमंग सिंघार ने मनरेगा सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलने को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नाम बदलने में व्यस्त है, जबकि आम जनता को महंगाई से राहत नहीं मिल रही, युवाओं को रोजगार नहीं है और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी अधूरा है.

**पत्रकार वार्ता** | नेशनल हेराल्ड फैसले का किया स्वागत

# कांग्रेस का आरोप : मनरेगा को किया कमजोर

विशेष संवाददाता

**भोपाल,22 दिसंबर. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य बीके हरिप्रसाद ने केंद्र सरकार पर संसद में किए गए हालिया विधायी बदलावों के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को प्रभावी रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया.**

भोपाल स्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हरिप्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार सुधारों के नाम पर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी



योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की दिशा में काम कर रही है और गरीब ग्रामीण नागरिकों से उनके काम के संवैधानिक अधिकार छीने जा रहे हैं.

उन्होंने इसे महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और विकेंद्रीकृत विकास की अवधारणा पर सीधा हमला बताया.

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से ही मोदी सरकार मनरेगा के विरोध में रही है. बजट में कटौती, राज्यों के वैधानिक बकाया को रोकना, जॉब कार्ड रद्द करना और आधार आधारित भुगतान अनिवार्य करने से लगभग सात करोड़ मजदूर योजना से बाहर हो गए हैं. इसके चलते पिछले पांच वर्षों में मजदूरों को औसतन केवल 50 से 55 दिन का ही काम मिल सका है. हरिप्रसाद ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार लगभग 50,000 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ राज्यों पर डाल रही है, जबकि डिजिटल प्रणाली के जरिए नियंत्रण केंद्रित किया जा रहा है, जिससे सहकारी संघवाद और जमीनी स्तर पर निर्णय प्रक्रिया कमजोर हो रही है. नेशनल हेराल्ड मामले पर उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के केस को अदालत द्वारा खारिज किए जाने का स्वागत करते हुए इसे बदले की राजनीति पर करारा प्रहार बताया. उन्होंने कहा कि यह फैसला कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को उजागर करता है और इससे साबित होता है कि सच की जीत हुई है.

# सिंगरौली से भोपाल तक रोजाना रेल सफर

## रेल मंत्री वैष्णव की स्वीकृति से सिंगरौली को मिली बड़ी सौगात

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 दिसम्बर. सिंगरौली अंचल के लिए यह दिन ऐतिहासिक बन गया है. वर्षों से लंबित चली आ रही सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन को नियमित किए जाने की मांग आखिरकार पूरी हो गई है.**

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के निरंतर, प्रभावशाली और परिणामोन्मुख प्रयासों के चलते केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ट्रेन के नियमित संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी है. इस निर्णय से पूरे जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है. सिंगरौली जैसे औद्योगिक और ऊर्जा उत्पादन के केंद्र के लिए राजधानी भोपाल से



सीधी और नियमित रेल सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी. सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने इस जनहित की मांग को गंभीरता से लेते हुए रेलवे मंत्रालय के समक्ष बार-बार मजबूती से रखा. उन्होंने सिंगरौली जिले की औद्योगिक, शैक्षणिक, सामाजिक और प्रशासनिक जरूरतों का हवाला देते हुए राजधानी से बेहतर रेल कनेक्टिविटी को समय की मांग बताया.

वहीं इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं ने सांसद डॉ. राजेश मिश्रा और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है.